


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 09 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया

# प्लास्टिक की थैली में खाद्य सामग्री..!

## वजन की सिर्फ मौखिक गारंटी, एमआरपी भी मिस्टर इंडिया

**✻ रतलाम में कार्रवाई, मंदसौर में सोया नापतौल विभाग ✻ त्योहारों पर उड़ रही नियमों की धज्जियां**

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बाजार में बिकने वाली पैक बंद वस्तुओं में किलो के साथ ग्राम, प्रति ग्राम और लीटर के साथ प्रति मिली लीटर का वजन लिखना जरुरी है। इसके बगैर कोई भी प्रोडक्ट नहीं बेचा जा सकता। मंदसौर में एक सामान्य प्लास्टिक की थैली में भरकर आटा, मसाला, चायपत्ती, दाल, ड्रायफ्रुट्स सहित कई खाद्य सामग्री बेची जा रही है। यहां प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग तो हो ही रहा है। वहीं एक्सपायर डेट और मैन्युफैक्चरिंग डेट के अते पते भी नहीं है। फिलहाल यहां बात करें सिर्फ वजन की। दुकानदार की मौखिक गारंटी पर सामग्री बेची जा रही है। इसके अलावा एमआरपी(अधिकतम विक्रय मूल्य)भी पैकिंग पर नहीं लिखी हुई है। जबकि, नियमानुसार वजन की जानकारी हर ब्रांडेड प्रोडक्ट पर अंकित होना चाहिए। महत्वपूर्ण बात यह है कि इसको लेकर हर बार की तरह पड़ोसी जिले रतलाम के नापतौल अधिकारियों ने संज्ञान लिया और कुछ दिन पहले प्रकरण भी बनाए। लेकिन, मंदसौर में मानो नापतौल विभाग के अधिकारियों को सिर्फ तनख्वाह से मतलब है।

### कहां पैक हो रहा, किसी को नहीं पता...

दाल, आटा सहित कई खाद्य सामग्रियों की खपत त्योहारी सीजन में बढ़ जाएगी। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि प्लास्टिक की थैलियों में बिकने वाली खाद्य सामग्री कहा पैक होकर आ रही है, यह दुकानदार को भी जानकारी नहीं है। सेल्समेन के जरिए इसे खरीदकर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। यह साफ है कि यह पैकिंग मशीनों से नहीं की गई है। हाथ से की गई पैकिंग के वजन में मानवीय त्रुटि भी हो सकती है। जिसका खामियाजा ग्राहकों को ही भुगतना पड़ता है।



### एमआरपी के साथ यूनिट प्राइस भी जरुरी...

मालूम हो कि नाप तौल विभाग के इस नियम के अनुसार जो भी कंपनियां एक किलो से ज्यादा के पैकेट तैयार करती है, वे एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) के साथ ही यूनिट प्राइस (ईकाई मूल्य) भी लिखेंगी। यूनिट प्राइस देखकर उपभोक्ता विभिन्न कंपनियों के दामों की तुलना कर सकते हैं। मालूम हो कि खाद्य उपभोक्ता मंत्रालय ने लीगल मेट्रोलाजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम 2011 में संशोधन किया है। एक जनवरी 2024 से इसे अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया। इस नियम को ऐसे भी समझा जा सकता है। नियम के तहत जो भी कंपनियां एक किलो से ज्यादा के पैकेट तैयार करती है, वे एमआरपी के साथ यूनिट प्राइस भी लिखेंगी। उदाहरण के लिए मान लीजिए पांच किलो आटे का पैकेट है तो उस पर पांच किलो की एमआरपी तो लिखनी ही पड़ेगी। इसके साथ ही एक किलो के दाम भी लिखने होंगे।

### सजा व जुर्माने का है प्रावधान...

यदि कोई भी व्यक्ति या कंपनी बिना बैच नंबर और मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट के सामान बेच र हा है तो उस पर कार्रवाई का प्रावधान बनाया गया है। पैकिंग किए हुए सामान पर मानकों को अंकित नहीं करने पर दुकानदार से लेकर कंपनी के संचालक पर भी कार्रवाई का प्रावधान होता है। जिसमें कंपनी और दुकानदार को तीन से पांच लाख रुपए तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है।

## बापच्या में अतिक्रमण पर चली सरकारी जेसीबी



**सीतामऊ, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम बापच्या में शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमण पर सरकारी जेसीबी चली। ग्राम बापच्या में अनुविभागीय अधिकारी शिवानी गर्ग के नेतृत्व में पचास हेक्टेयर भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

बुधवार सुबह करीब छह बजे दल बल और संसाधनों के साथ प्रशासनिक अमला पुलिस के साथ मौके पर पहुंचा। जहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त जमीन पर अपना कब्जा प्राप्त किया।

## जिला प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी में पुष्पराज सिंह राणा अध्यक्ष मनोनीत

**राहुल सोनी सचिव और लोकेश पालीवाल कोषाध्यक्ष बने**

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रेस क्लब का पुनर्गठन किया गया है। गत दिवस कोर ग्रुप की बैठक में सर्वानुमति से वरिष्ठपत्रकार श्री पुष्पराज सिंह राणा को मंदसौर जिला प्रेस क्लब का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सचिव राहुल सोनी और कोषाध्यक्ष लोकेश पालीवाल नियुक्त किए गए। कोर ग्रुप की बैठक में मंदसौर जिला



प्रेस क्लब के संरक्षक द्वय संजय पोरवाल, नरेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय लोढ़ा, सचिव पुष्पराजसिंह राणा, कोषाध्यक्ष राहुल सोनी, लोकेश पालीवाल, नवीन जैन आदि मौजूद थे। अब शीघ्र ही नव मनोनीत अध्यक्ष पुष्पराज सिंह राणा कार्यकारिणी के शेष पदाधिकारियों और कार्य समिति के सदस्यों का मनोनयन कर घोषणा करेंगे।

बैठक में निवृत हो रहे मंदसौर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष ब्रजेश जोशी ने कहा कि उनके साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में सभी ... शेष पेज 4 पर

## गुरु पुष्य: 24-25 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय महापर्व दीपावली के पहले 24 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र आ रहा है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की अष्टमी गुरुवार को होने से इसे गुरु पुष्य कहा जाएगा। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक 27 नक्षत्रों में से पुष्य नक्षत्र को सबसे शुभ माना जाता है। इसे नक्षत्रों का राजा कहा गया है। जानकारों के मुताबिक पुष्य नक्षत्र में खरीदी गई वस्तुएं स्थायी फलदायी मानी जाती हैं। इस दौरान हर प्रकार की खरीदी की जा सकती है।




बता दें कि पुष्य नक्षत्र की शुरुआत 24 अक्टूबर को सुबह 11:45 बजे से होगी। यह 25 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा। कहा जाता है कि पुष्य नक्षत्र में की गई खरीदारी और शुरू किए गए व्यापार में बढ़ोतरी होती है। पुष्य नक्षत्र में शिव-पार्वती, इंद्र और बाबा भैरव की पूजा से धन-संपत्ति, वैभव और सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद मिलता है। ज्योतिषाचार्यो के अनुसार पुष्य नक्षत्र के स्वामी ग्रह शनि हैं। गुरु बृहस्पति हैं। पुष्य नक्षत्र की राशि कर्क है। गुरु पुष्य योग ज्योतिष शास्त्र में अत्यंत शुभ और महत्वपूर्ण योग माना जाता है। यह योग तब बनता है, जब गुरु ग्रह (बृहस्पति) पुष्य नक्षत्र में होता है। दोनों ही (गुरु ग्रह और पुष्य नक्षत्र) धन, समृद्धि और ज्ञान के प्रतीक माने जाते हैं। इसलिए इन दोनों के संयोग से बनने वाला यह योग बेहद शुभ माना जाता है। इस नक्षत्र में सोना-चांदी के साथ अचल संपत्ति की खरीदारी का विशेष महत्व होता है।

## भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की कवायद तेज

**डॉ. के लक्ष्मण को पार्टी ने चुनाव प्रभारी बनाया, वर्मा, पात्रा, बंसल सहप्रभारी**

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को राष्ट्रीय चुनाव और सह चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। राज्यसभा सांसद और पार्टी के ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण को पार्टी ने राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी बनाया है। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, डॉ. संबित पात्रा और नरेश बंसल को सह प्रभारी बनाया गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक दिसंबर माह तक बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष, प्रदेश इकाई और राष्ट्रीय कार्यसमिति का चुनाव होना है। भाजपा के संविधान के मुताबिक आधे से अधिक राज्यों में संगठन चुनाव होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन होता हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नए साल में मकर संक्रांति के बाद कार्यभार संभाल सकते हैं।

**पांडा बने दिल्ली के चुनाव प्रभारी**–भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को प्रदेश का चुनाव प्रभारी और गाजियबाद सांसद अतुल गर्ग को सह प्रभारी बनाया गया है।

**बड़े अस्पताल के प्रायवेट वार्ड में भर्ती प्रेमसुख को डाक्टर ने नहीं दी छुट्टी...**

## एनसीबी-पुलिस ने की पूछताछ..!

**शोएब लाला, रब नवाज और ओम पाटीदार सहित छह की तलाश**

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल ड्रग्स फैक्टरी कांड में प्रेमसुख ने खुद को गोली मारकर मंदसौर पुलिस के सामने सरेंडर किया है। हालांकि, सेहत कारणों से एनसीबी पूछताछ नहीं कर पाई है। फिलहाल एनसीबी ने एक दिन पहले ही मंदसौर में आमद दी। अब प्रेमसुख को भोपाल ले जाया जाएगा। पूछताछ से पहले उसका उपचार होगा। बड़े अस्पताल में प्रेमसुख का उपचार कर रहे डॉ. शिन्दे ने उसे छुट्टी नही दी है। प्रारंभिक पूछताछ में यह पता चला है कि हरीश आंजना के पास भोपाल से ड्रग्स पहुंचती थी। इसे प्रेमसुख अन्य सप्लायरों तक पहुंचाता था। इस मामले में अब और भी नाम सामने आ रहे हैं। शोएब लाला, रब नवाज और ओम पाटीदार समेत 6 लोगो को एनसीबी ढूंढ रही है। पहले माना जा रहा था कि प्रेमसुख पाटीदार शोएब लाला को ड्रग्स सप्लाई करता है। अब साफ हुआ 6 अन्य भी इस रैकेट का हिस्सा हैं।

पकड़े गए आरोपियों से जांच पड़ताल में सामने आया है कि एमडी ड्रग्स बनाने की अबतक की देशभर में सामने आई सबसे बड़ी फैक्ट्री में रोजाना 100 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स बनाई जा रही थी। जांच में ये भी सामने आया है कि कंपनी बीते 6 माह से हर रोज इतनी ड्रग्स बना रही थी। बावजूद इसके 10 दिन की जांच के बाद भी जांच एजेंसियों को ये पता नहीं चल सका है कि, आखिर रोजाना की इतनी बड़ी राशि आखिर गई कहां। हरीश सहित तीनों आरोपियों की निशानदेही पर जांच एजेसियां दस से अधिक लोगों से पूछताछ भी कर चुकी हैं, लेकिन अब तक न बड़ी नगद राशि मिली, न किसी तरह की ज्वेलरी और न ही राशि ठिकाने लगाने के कोई दस्तावेज मिल सके हैं। जांच एजेंसियों ने गिरफ्तार तीनों आरोपी अंकित चतुर्वेदी, सान्याल बाने और हरीश आंजना को रिमांड पर लेकर पूछताछ की और फिलहाल तीनों आरोपी 26 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में हैं। लेकिन अब तक एमडी ड्रग्स के जरिए जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं हो पा रहा है।

### जांच एजेंसियों के हाथ फिर भी खाली...

आरोपियों के पास से कोई नगद राशि, किसी तरह की ज्वेलरी या बड़ी राशि के लेन-देन के दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। आरोपियों की निशानदेही पर करीब 10 से अधिक लोगों से पूछताछ भी की जा चुकी है। लेकिन, ड्रग्स की राशि को लेकर जांच एजेंसियों के हाथ फिलहाल खाली ही हैं। हरीश आंजना के खास साथी प्रेमसुख पाटीदार से अभी पूछताछ होना बाकी है। क्योंकि प्रेमसुख अभी मंदसौर के बड़े अस्पताल में भर्ती है।

### पुलिस को क्यों नहीं दिख रहा प्रदीप..!

मंदसौर में प्रदीप, अशफाक उसका साथी मिश्रा, रमेश सिंधी सहित तस्करो के करोड़ो रूपए की अफरातफरी करने वाले वाले अन्य हवालाबाजो पर पुलिस की नजर क्यों नहीं पड़ रही है। बताते है कि जिस दिन हरीश पकड़ाया था, उसी दिन से प्रदीप ने अपना मोबाईल बंद कर लिया था। लेकिन, जब दो दिन तक पुलिस या एजेंसियो की नजर उस पर नहीं गई तो वह फिर मैदान में आ गया।

सूत्रो की बात माने तो हरीश जैसे तस्करी के धंधे से जुड़े ज्यादातर बदमाश प्रदीप के जरिए ही हवाले से रूपयो का लेन देन करते है। आश्चर्य की बात यह है कि इन्कम टेक्स सहित अन्य विभागो का ध्यान भी उसकी पिछले कुछ सालो में बढ़ी संपत्ति पर नजर नहीं पड़ी है। बताया जाता है कि वैसे तो हवाला से रूपए मंगाने या भेजने के लिए एक लाख रूपए पर 100 से 250 रूपए तक कमीशन लिया जाता है। लेकिन, तस्करो के रूपए मंगाने या कहीं अन्य जगह दिलवाने के लिए एक लाख रूपए पर 1 हजार रूपए तक कमीशन लिया जाता है। ऐसे में करोड़ो की अफरा तफरी करने पर लाखो रूपए हवालाबाज वैसे ही कमा लेते है। एनसीबी, एटीएस और स्थानीय पुलिस को इस ओर अपनी पैनी नजर डालना चाहिए।






# मंदसौर को संभाग बनाने की मांग हमारा नैसर्गिक अधिकार है



**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नागरिक मंच के तत्वावधान में संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत प्रतिदिन गांधी चौराहा पर चल रहे पोस्टकार्ड अभियान के 15 वें दिन नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ ही तीन संगठनों व समाज प्रतिनिधियों ने भाग लिया ये हैं सिख समाज,लायंस क्लब गोल्ड, मालवा खटीक सेना मध्य प्रदेश। सभी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम मंदसौर को संभाग बनाया जाए इस मांग का पोस्टकार्ड लिखा और आम जनों से भी पोस्टकार्ड लिखने का आह्वान किया।

इस अवसर पर श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित शिवकरण प्रधान ने कहा कि संभाग बना मंदसौर का नैसर्गिक अधिकार है पूरी भौगोलिक स्थिति सभी को स्पष्ट दिख रही है मंदसौर ही संभाग बनाने के लिए उपयुक्त जिला है नीमच जिला और जावरा क्षेत्र इनका भी मंदसौर क्षेत्र से ही जुड़ाव रहा है। मंदसौर को संभाग बनाने की मांग हमारा अधिकार है। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष इंद्र मोहन सैनी ने कहा कि संभाग बनने से मंदसौर क्षेत्र का हर दृष्टि से विकास होगा कई तरह की सुविधाओं का विस्तार होगा और संभागीय कार्य के कारण उज्जैन तक जाने का समय और व्यय भी बचेगा। श्री सैनी ने 2 हजार पोस्टकार्ड की प्रयोजना भी की। समाजसेवी श्री कैलाश चंद्र गुप्ता ने संभाग बनाने की मंदसौर वासियों की मांग को न्यायोचित बताते हुए क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग और नागरिकों से इस आंदोलन में सम्मिलित होने और पोस्टकार्ड अभियान में पोस्टकार्ड लिखने का आह्वान किया। उन्होंने 1000 पोस्टकार्ड भी भेंट किए। पत्रकार लोकेश पालीवाल ने कहा कि मंदसौर नीमच दोनों जिले के विधायकों ने पूर्व से ही शासन को मंदसौर को संभाग बनाने का प्रस्ताव भेज रखा है शासन को अब तक इस पर विचार कर लेना चाहिए था। पत्रकार देवेंद्र मौर्य ने कहा कि मंदसौर क्षेत्र के निवासियों की संभाग बनाने की मांग को जिस तरह नागरिकों का अपार समर्थन मिल रहा है निश्चित ही शासन जन भावनाओं का ध्यान रख मंदसौर को संभाग बनाने की घोषणा करेगा।

सिख समाज के अध्यक्ष गुरदीप सिंह छाबड़ा ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाने की यह मांग कोई नई नहीं है पहले भी हमारे जनप्रतिनिधियों ने यह मांग उठाई है शासन को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। उनके साथ पोस्टकार्ड अभियान स्थल पर सिख समाज के वरिष्ठ व नगर के प्रमुख समाजसेवी गुरुचरण बग्गा तथा गुरजीत सिंह टुटेजा, अमरजीत सिंह चावला, मंजीत कौर छाबड़ा, जसविंदर सिंह आनंद ओर अवतार सिंह होरा भी सम्मिलित हुए। लायंस क्लब गोल्ड के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाए जाना इस क्षेत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि होगी जनप्रतिनिधियों और शासन को हमारी मांग पर गंभीरता से विचार करना चाहिए उन्होंने आम जनों से भी इस मूवी में शामिल होने का आह्वान किया। लायंस क्लब गोल्ड के मनोज सेवानी विनोद उकावत, सुरेश सोमानी,विजय पलोड,मनोज मित्तल, वीरेंद्र सिंह चौहान ,अरविंद पोरवाल, सुदीप दास ,नरेश पाटनी राजकुमार पारीक संजय पारीक नीलेश सोनी सीए रितेश पारीक संदीप जैन बलवंत सिंह कोठारी, श्रीमती हंस पारीक मीना पाटनी आदि भी सम्मिलित हुए। मालवा खटीक सेना मप्र के अध्यक्ष श्री रूपलाल खींची ने कहा कि हम समस्त मंदसौर वीडियो का यह कर्तव्य है कि संभाग बनाने के इस आंदोलन में मंदसौर नागरिक मंच के साथ जुड़े और पूरा समर्थन करें। क्योंकि यह मंदसौर क्षेत्र के बेहतर भविष्य के लिए मांग की जा रही है। उनके साथ श्री किशोरी लाल चंदेल, रमेश डीवानिया मनोज सांवलिया लालू राम खिंचावत तथा सामाजिक कार्यकर्ता नटवर भाई पारिख,प्रदीप सोनी मनोज मेहता,संदीप जैन भी पोस्टकार्ड अभियान में शामिल हुए। अजीज उल्ला खान खालिद, राजाराम तंवर,बंशीलाल टांक, राधेश्याम मालवीय और श्रीमती सीमा चौरडिया अपनी नियमित सेवाएं दे रहे हैं।

**16 वें दिन चार संगठन होंगे सहभागी–**मंदसौर नागरिक मंच के समन्वयक द्वय नरेंद्र अग्रवाल और ब्रजेश जोशी ने बताया कि पोस्टकार्ड अभियान के 16 वें दिन 17 अक्टूबर गुरुवार को जैन सोशल ग्रुप, मेघवाल समाज, महावीर इंटरनेशनल और सार्थक वेलफेयर सोसाइटी यह चार संगठन अपनी सहभागिता निभाएंगे।




## शोक संवेदना पत्र सामाजिक एकता में एक अच्छी पहल है–पाटीदार

### धलपट एवं खेड़ा में गुजराती सेन समाज ने शोक संवेदना पत्र देकर भाईचारा बनाया

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक शोकाकुल परिवार के लिए शोक संवेदना तो सभी व्यक्ति करते है लेकिन सेन समाज मे यह प्रमाण पत्र के रूप सार्वजनिक शोक संदेश से सामाजिक एकता कायम हो रही है उक्त विचार जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार के प्रतिनिधी डॉ. विजय पाटीदार ने व्यक्त करते हुए गुजराती सेन समाज मंदसौर जिलाध्यक्ष का पुष्पमाला एवं साफा बांधकर स्वागत समज्ञान किया गया।श्री कृष्णानंद गुजराती सेन समाज कल्याण समिति के पदाधिकारीयों ने सुवासरा तहसील के धलपट एवं सीतामउ तहसील के खेड़ा गांव मे गुजराती सेन समाज के परिवारों मे हुई गमी के पगडी अवसर पर शोक संवेदना पत्र भेंट किया गया। जिलाध्यक्ष बलराम राठौर ने कहा की

सामाजिक कल्याण के लिए कार्यरत होकर प्रत्येक परिवार के हर दुख सुख में समाज के हर बंधु के साथ है, ऐसे ही मनीष और सुनील सेन के पूजनीय पिताश्री गोपाल सेन सीतामउ खेडा वाले व गांव धनपत में रामचंद्र के छोटे भाई राधेश्याम, पप्पू लाल, नानालाल सेन के बडे भाई पूजनीय बाबूलाल दायमा के स्वर्गवासी होने पर शोक की इस घडी में गुजराती सेन समाज के जिला युवा अध्यक्ष दयाराम चौहान ने कहा की सामाजिक क्षेत्र मे सभी को एकता के साथ कार्य करते हुए नव युवाओं को प्रोत्साहित कर सामाजिक क्षेत्र मे सक्रियता से आगे लान होगा तभी समाज एकता कायम होकर शिक्षा के प्रति जागरूता बढेगी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ कचरू लाल ढूंढेडा, करूलाल आक्या, पूर्व जिला अध्यक्ष सेन समाज दिलीप नीडर, मंदसौर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय पाटीदार, प्रकाश सेन, जगदीश रलायता, अशोक परमार ढिलोला, वरिष्ठ समाज सेवी दिनेश सोलंकी, राजू भाई सेन सुवासरा वाले, राकेश सेन सम्राट, कालू लाल भाटी सुठी, आशीष संजीत एवं समाज के कई अन्य बंधुवर मौजुद थे।





## नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समन्वय बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आज दिनांक 16 अक्टूबर 2024 को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री कपिल मेहता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री सिद्धार्थ तिवारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री प्रवीण कुमार सोधिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोविंद चौहान तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय ने विभिन्न विभागों के मध्य आपसी समन्वय हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, ताकि आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिकतम प्रकरणों का शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## बैंकर्स हितग्राहियों को मिलने वाली सहायता राशि से बकाया ऋण की वसूली ना करें–चंद्रा



**नीमच, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी बैंकर्स यह सुनिश्चित करें, कि हितग्राहियों को शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि से बकाया बैंक ऋण की वसूली ना करें। साथ ही विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित हितग्राहीमूलक एवं स्वरोजगार योजनाओं में बैंकों को प्रस्तुत सभी प्रकरणों में ऋण स्वीकृत कर 30 नवम्बर तक शतप्रतिशत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण अनिवार्य रूप से करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की बैंकवार योजनावार समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में एलडीएम श्री सत्यओन्द्रव शर्मा, महाप्रबंधक उद्योग श्री अमरसिह मौरे, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे एवं जिला अधिकारी तथा सभी बैंक शाखाओं के प्रबंधकगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने बैठक में सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे बैंकों से सम्पर्क, समन्वय कर योजनाओं में प्रस्तुत प्रकरणों में स्वीकृति एवं वितरण करवाएं। एनआरएलएम द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि एक माह में एक हजार हितग्राहियों के प्रकरण स्वीकृत एवं ऋण वितरण करवाएं। पी.एम.एफ. एम.ई. योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि उप संचालक उद्यानिकी अक्टूबर अंत तक 100 प्रकरणों में ऋण स्वीकृति एवं हितलाभ वितरण करवाएं। साथ ही बैंकों में उप संचालक उद्यानिकी मैदानी अमले की ड्यूटी लगाकर हितग्राहियों के प्रकरणों में दस्तावेजी कमी को पूरा करवाएं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत कलेक्टर ने 30 नवम्बर तक 5500 प्रकरणों में ऋण एवं हितलाभ वितरण करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

## मेले में भव्य श्याम कीर्तन संपन्न

**नारायणगढ़, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद द्वारा आयोजित श्री देवनारायण ताखा बावजी मेले में भव्य श्याम कीर्तन का आयोजन दिनांक 15 अक्टूबर 2024 रात्रि 8:00 बजे से मेला मैदान, नारायणगढ़ पर किया गया, जिसमें नगर की प्रतिभा संगीतकार श्रेयांस दक द्वारा मनमोहक श्याम भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। कीर्तन में श्याम दरबार (मनासा नरेश) श्याम सेवक श्री पंकज मोदी द्वारा लगाया गया।

कीर्तन से पूर्व नगर परिषद द्वारा स्वच्छता की शपथ मेले में उपस्थित नागरिकों को दिलाई गई। युवा संगीतकार श्रेयांश दक द्वारा मैंने मोहन को बुलाया... थाली भरकर लाई रे खिचड़ो... बांस की बांसुरिया पर... कीर्तन की है रात... साथी हमारा कौन बनेगा...हाजिरी लिखवाता हूं हर ग्यारस पर... जैसे आदि लोकप्रिय भजनों से उपस्थित जनसमुदाय का मन रिझा लिया। श्याम कीर्तन में श्याम दरबार के समक्ष मल्हारगढ़ खाटू श्याम मंदिर के प्रधान सेवक गुरुदेव पंडित श्री आशीष शर्मा ने भी हाजरी दी। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुंवर चौहान, नगर परिषद अधिकारी श्री प्रमोद जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक श्री मधुसूदन इंदौरा द्वारा किया गया।

## नपाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को साइकिले वितरीत की



**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. शासन के द्वारा इन दिनों विभिन्न शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिले वितरित की जा रही है। कल बुधवार को लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हायर सेकेण्डरी क्र. 2) के पात्र 48 विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल वितरित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर यहां के पात्र विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिले प्रदान की। क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुनीता अशोक भावसार व पात्र विद्यार्थी के पालक श्रीमती विष्णुकुंवर भी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन थे।

नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व उनकी सरकार विद्यार्थियों के हित में लगातार काम कर रही है। विद्यार्थियों को हर संभव सहायता दी जा रही है। जिसके कारण म.प्र. के विद्यार्थी पूरे देश में प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर रहे है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुनीता भावसार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना शर्मा ने देते हुए कहा कि विद्यालय के 48 पात्र विद्यार्थियों को साइकिले दी जा रही है। विद्यार्थियों का चयन शासन के तय मापदण्डों के अनुसार अपनाई गई चयन प्रक्रिया के अनुसार किया गया है। कार्यक्रम में श्रीमती अर्चना गौड़, श्रीमती सरिता अग्निहोत्री, श्रीमती अर्चना अठवाल, श्रीमती राज लक्ष्मणा चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संचालन श्रीमती कीर्ति सक्सेना ने किया तथा आभार विजयसिंह पुरावत ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## आर्य समाज मंदिर में आयुर्वेद व एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर कल

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आर्य समाज मंदिर तरण ताल के सामने दूसरी मंजिल मंदसौर में कल 18 अक्टूबर शुक्रवार को प्रात: 9 से सायं 5 बजे तक आयुर्वेद व एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वैद्य ओमप्रकाश देवासी एवं थैरेपिस्ट अर्जुन कटारिया एम.डी. (एक्यू.) द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएगी। आर्य समाज में यह शिविर हर माह की 18 तारीख को लगाया जाता है।

इस शिविर में जर्मन टेक्नोलॉजी बॉडी एनालाइजर मशीन द्वारा पूरे शरीर की जांच करके बीमारियों का पता लगाकर देशी दवाइयों व एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से कब्ज, गैस, खांसी, पित, सफेद पानी, खून की कमी, अस्थमा,बीपी, शुगर, नसों में ब्लॉकेज, माइग्रेन, थायराईड, शुक्राणु की कमी, पीलिया, कोलेस्ट्रोल, हृदय रोग, स्वपन दोष, हाइट न बढ़ना, चर्म रोग, वजन का घटना व बढ़ना आदि सभी बीमारियों का सफल इलाज किया जाएगा। शिविर में निसंतान दंपति भी सम्पर्क कर सकते है। मंदसौर एवं आसपास के क्षेत्रवासियों से आज 18 अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित इस आयुर्वेद एवं एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई है। शिविर के संबंध में अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिये मो.नं. 8003708162 पर सम्पर्क कर सकते है।

### पशु क्रुरता निवारण अधिनियम के तहत वाहन राजसात

**नीमच, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** थाना बघाना के अपराध क्रं.378/2024 धारा 4,5, 6ए/9 म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 तथा 11(1)घ पशु क्रुरता अधिनियम के प्रकरण में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड द्वारा 31 अगस्त 2024 को आदेश पारित कर, जप्तशुदा वाहन बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक एम.एच.20जी.सी.7207 तथा उसमें कू्रतापूर्वक ले जाए जा रहे कुल 4 गौवंश कैडे को मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 व 11(घ) पशु परिरक्षण अधिनियम व पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 के उल्लंघन के फलस्वरूप शासन हित में राजसात करने का आदेश जारी किया हैं।

## मुश्किलें हमेशा हारती हैं, संघर्ष करने वाला हमेशा जीतता है–दुबे

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मुश्किलें हमेशा हारती हैं, संघर्ष करने वाला हमेशा जीतता है आज के दौर के विद्यार्थियों को कर्मशील होना होगा विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारण कर, अनवरत संघर्ष करना होगा जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाए

यह विचार प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब गंगा चरण दुबे ने विधिक सेवा सहायता अभियंता के तहत शासकीयई एफ ए कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालागंज,मंदसौर के प्रतिभा सम्मान एवं पालक शिक्षक सम्मेलन के कार्यक्रम में व्यक्त किए। न्यायाधीश गंगा चरण दुबे ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि संकल्प से ही सपने पूरे होते हैं, संकल्प की तीव्रता, गहराई जितनी अधिक होगी, लक्ष्य उतना ही नजदीक होगा, न्यायाधीश गंगा चरण दुबे ने विभिन्न उदाहरणों एवं कहानियों के माध्यम से अपने विचार विद्यार्थियों से साझा किए विद्यालय के प्राचार्य सुदीप दास ने कहा कि 'प्रतिभा सम्मान' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में त्रैमासिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता, सर्वाधिक उपस्थिति, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी एवं सत्र आरंभ से आयोजित विभिन्न विद्यालय गतिविधियों में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में शिक्षकों एवं पालकों को न्यायाधीशगंगा चरण दुबे ने जिला भी विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न आयोगों के संबंध में जानकारी प्रदान की साथ ही न्यायालय एवं विधिक सेवा से संबंधित प्रश्नों के उत्तर भी दिए कार्यक्रम में विद्यार्थी अभिभावक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, कार्यक्रम का संचालन छात्रा दिया मनोहर एवं शिप्रा कुमावत ने किया और अंत में आभार वरिष्टशिक्षिका प्रीति व्यास ने व्यक्त किया।

## चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेशित छात्रों को दो बैच में विभाजित कर ओपीडी तथा आईपीडी का दौरा करवाया

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मेडिकल कॉलेज डीन श्रीमती शशि गांधी द्वारा बताया गया कि, सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेशित एमबीबीएस छात्रों को दो बैच में विभाजित कर अस्पताल के विभिन्न विभागों जिसमें ओपीडी तथा आईपीडी का दौरा करवाया गया। जिसमें छात्रों को विभिन्न विभागों की विस्तृत रूप से जानकारी विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सा शिक्षकों द्वारा दी गई। जिसमें डॉ लवी उकावत, नाक कान गला रोग विभाग, डॉ रणसिंह तंवर, चर्म रोग विभाग, डॉ निशांत पटेल, मनोरोग विभाग, डॉ इशांत कुमार चौरसिया सर्जरी विभाग, डॉ अजय पाटीदार सर्जरी विभाग, डॉ गौरव अखंड अस्थि रोग विभाग, डॉ दीपक मकवाना मेडिसिन विभाग, डॉ नेकी मिनारे, बाल्य एवं शिशु रोग विभाग, डॉ करूणा मेरावी स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ने छात्रों को विस्तार से जानकारी प्रदान की।

### छलकेगा अमृत चंदा से



शरद पूनम की रात
बीत रही वर्षा ऋतु
शरद का आरंभ
धूप हो गई तेज
शीत हुई मंद-मंद।
कौमुदी पूर्णिमा को
हुआ था महारास
गोपियां अलग अलग
कृष्ण सबके पास।
16 कला पूर्ण चंद्रमा
अश्विन की सौगात
छलकेगा अमृत चंदा से
शरद पूनम की रात।

**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**

## समरथ ने बैंक की नौकरी छोड़ 27 लाख में गार्लिक प्रोसेसिंग का उद्योग स्थापित किया



**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के गांव गुर्जर बर्डीया के रहने वाले समरथ गुर्जर (9826929713) एक समय बैंक में नौकरी करते थे, लेकिन उन्हें नौकरी करना ठीक नहीं लगा। उनका सपना था कि, मैं 1 दिन अन्य लोगों को भी रोजगार दूंगा। उनके इस सपने को पूरा करने में उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना ने पूरा सहयोग किया। समरथ को उद्यानिकी विभाग के माध्यम से जानकारी मिली की वह गार्लिक के लिए उद्योग स्थापित कर सकते हैं। उसके लिए सरकार ने योजना चलाई है। उन्होंने इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया और उन्हें बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से 27 लाख 90 हजार का लोन मिला। जिस पर उन्हें 10 लाख रुपए की सब्सिडी भी प्रदान की गई।

श्री समरथ गुर्जर कहते हैं, कि मैंने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया और मात्र 5 महीने में मुझे लोन प्राप्त हो गया। मेने 2 माह पहले ही यूनिट स्थापित की है। इसके माध्यम से गार्लिक बना रहा हूं और उस गार्लिक को मंदसौर के साथ-साथ अन्य जिलों में भेजता हू। इस मशीन से लहसुन की ग्रेडिंग भी होती है। जिससे मंडी में लहसुन की दाम अधिक मिलते हैं। आसपास के अन्य किसान भी लहसुन की ग्रेडिंग कराने के लिए आते हैं। उससे भी मुझे अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही हैं। इनका कहना है कि मेरा उद्योग इसी तरह से चलता रहा तो मैं आगामी 1 से 2 वर्ष में लोन का सारा पैसा भी जमा करा दूंगा। मेरी यूनिट को देखने के लिए अन्य जिलों से भी किसान आते हैं। भविष्य में इसको और बड़ा करने की सोच रहे हैं। इसके माध्यम से लहसुन के अन्य प्रोडक्ट का भी उत्पादन करेंगे। इसके साथ ही गार्लिक को रखने के लिए एक कोल्ड रूम भी बनाएंगे। इस यूनिट को स्थापित करने में कलेक्टर श्री गौतम सिंह एवं उद्यानिकी विभाग का बहुत सहयोग प्राप्त हुआ। मैं अब पूरे परिवार को रोजगार दे रहा हूं। इसके साथ ही 5 से 6 अन्य युवाओं को भी रोजगार दिया है। यह यूनिट इतनी अच्छी है, कि मेरे बच्चे भी इसमें पूरा सहयोग प्रदान कर रहे हैं। ये स्वयं तो आगे बढे है साथ में अन्य किसानों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इनका विशेष तौर पर कहना है, कि मेरी स्वयं की गार्लिक यूनिट स्थापित होने की वजह से परिवार, गांव, समाज एवं रिश्तेदारी में मेरा मान सम्मान बढ़ा है।

## बेटियों की हिफाजत के लिए हर व्यक्ति को आगे आना होगा

### माता- पिता हर समय बेटी के साथ नहीं हो सकते, समाज को भी जिम्मेदारी उठाना होगी

**सुवासरा, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** घर से बाहर निकलने पर हम कई बार कम आयु के लड़के- लडकियों को सूनी गलियों, सुनसान जगहों पर छुपकर बात करते हुए देखते है, किंतु हमें उनसे क्या लेना- देना है? यह सोचकर हम उनकी अनदेखी कर आगे बढ़ जाते है। समाज की यही अनदेखी बेटियों और महिलाओं के लिए असुरक्षित वातावरण का निर्माण करती है। हर जगह बेटियों के माता- पिता मौजूद नहीं हो सकते, समाज को भी अपनी जबाबदेही समझनी होगी। यह बात परामर्शदात्री टीना सोनी ने कही।

उन्होंने शक्ति अभिनंदन अभियान के समापन कार्यक्रम के दौरान कहा कि जब भी कहीं किशोर- किशोरियां असामान्य स्थिति में नजर आएं तो उन्हें रोकने- टोकने की जवाबदेही हर व्यक्ति की हो जाती है। बेटियों के लिए अनुकूल सामाजिक वातावरण उपलब्ध कराना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सेफ सिटी (सुरक्षित वातावरण) के लिए हर व्यक्ति को अपनी भूमिका को समझना होगा और उसे निभाना होगा। अगर आज तेरी है सोचकर हम रोक- टोक नहीं करेंगे, तो कल हमारी बारी भी आ जाएगी। तब हमारे सामने सामाजिक माहौल को कोसने और पछताने के अलावा कोई दूसरा विकल्प मौजूद नहीं होगा।

**जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद लें–**आपको लगे कि आपके समझाने का असर नहीं होगा या आप अकेले है, तो स्थानीय लोगों की मदद लेकर रोकें अगर यह भी संभव न हो तो 100 नंबर पर पुलिस को सूचित कर मदद ले सकते है। यदि कोई ऐसा स्थान है जहां अमूमन ऐसे दृश्य दिखते हों तो पुलिस या चाइल्ड लाइन नंबर 1098 पर सूचना दी जा सकती है।

**प्रेम के भटकाव में फंसता बचपन–**पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण एवं सांस्कृतिक मूल्यों के पतन के कारण किशोर- किशोरियां वासना पूर्ति के खेल को प्रेम समझने की भूल कर जाते है, जिसका गंभीर खामियाजा परिवार एवं समाज को झेलना पडता है। सोशल



मीडिया और टीवी चैनलों परोसी जा रही अश्लीलता और फूहड़ता के चलते बच्चों में संस्कारों का पतन होता जा रहा है। किशोरावस्था की दहलीज पर कदम रखते किशोर- किशोरियां वासना पूर्ति के खेल को प्रेम समझकर बहक जाते है। रोकटोक करने पर उन्हें अपने ही माता-पिता दुश्मन दिखाई देने लगते है।

**हर तीसरे दिन बच्चों को समझाते है–**राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की परामर्शदाता टीना सोनी ने कहा कि मै हर मंगलवार और शुक्रवार को स्कूल- कॉलेज या छात्रावास में जाकर किशोर- किशोरियों को ऐसी एकांतिक चर्चा के दुष्परिणामों से परिचित कराती हूँ जब उन्हें परिवारीजनों को पता चलने के बाद की स्थिति का एहसास कराया जाता है, तब वे भी अपनी भूल स्वीकारते है। व्यक्तिगत काउंसलिंग के दौरान कुछ किशोर किशोरियां अपनी भूल स्वीकार करके भविष्य में गलती न करने का भरोसा देते है। लुका छुपी के परिणामों से अनजान मासूम प्रेमियों को समझाने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना ही होगा।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 347 | 1980 | 2630 |
| उड़द | 233 | 6040 | 7100 |
| सोयाबीन | 5445 | 3750 | 4610 |
| गैहु | 3170 | 2650 | 3296 |
| चना | 177 | 6100 | 7000 |
| मसुर | 65 | 5100 | 6371 |
| धनिया | 370 | 5140 | 7359 |
| लहसुन | 10925 | 11500 | 30011 |
| मैथी | 1052 | 4921 | 6188 |
| मुंगफली | 5545 | 3400 | 5241 |
| अलसी | 2210 | 5601 | 6141 |
| सरसो | 234 | 5300 | 5922 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 89 | 8500 | 12100 |
| प्याज | 2276 | 1000 | 3801 |
| कलोंजी | 31 | 15200 | 19000 |
| तुलसी बीज | 21 | 12001 | 21551 |
| डॉलर | 50 | 7500 | 10000 |
| तिल्ली | 38 | 10400 | 12000 |
| जौ | 26 | 2300 | 2520 |
| मटरसुखी | 11 | 4100 | 6800 |
| असालीया | 5 | 10950 | 12260 |
| मूंग | 0000 | 0000 | 0000 |

# प्रदेश सरकार को घेरने का इससे बेहतर मौका क्या मिलेगा कांग्रेस को...

**मंदसौर/उज्जैन, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** केंद्र और प्रदेश में कांग्रेस विपक्ष के पात्र की तरह अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। हरियाणा राज्य में भी बीते 10 साल के अनुभव से कुछ सीखा नहीं और फिर से जनमत से समझौता कर 5 सालों के लिए विपक्ष का कार्यकाल बढ़वा लिया है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि जीतना चाहते तो जनमत भाजपा सरकार से नाराज था। कांग्रेस के बड़े नेता यह सच जानते थे। फिर आपस में पहले अपने समर्थकों को प्रत्याशी बनाने के लिए लड़े फिर मुख्यमंत्री बनने के लिए एक दूसरे के प्रत्याशियों को हरवाने के लिए भिड़े और कामयाब हो गए, जनमत को यह समझाने में की कांग्रेस अभी प्रशिक्षित विपक्ष नहीं हो पाई है। इसलिए 5 साल और विपक्ष में बैठने का अवसर दिया जाए, जनमत ने दे भी दिया।



चन्द्रमोहन भगत

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय भी ऐसा ही किया था। पहले प्रत्याशी चयन के समय दुकान चलाई, फिर विपक्ष का नेता, उप नेता, प्रदेश अध्यक्ष बनाने में भी नतीजा सबके सामने है कि प्रदेश के मंत्रियों के क्षेत्र में उनके करीबी नशे का कारोबार चलाते पकड़ा रहे हैं। किसानों की सोयाबीन तो अति वर्षा निगल गई, राहत मिलना तो दूर खाद के लिए मारामारी करना पड़ रही है। सरकार के अनुभवी वरिष्ठ मंत्री खुद कह रहे हैं कि पुलिस नशा कारोबार पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। समाचार पत्रों में छप रहा है कि भाजपा नेता नशे की कालाबाजारी में पकड़ा रहे हैं। विपक्षी कांग्रेस का स्वर आक्रामक और सरकार को झकझोरने जैसा होना चाहिए था। पर नक्कार खाने में तूती की तरह बमुश्किल हल्ला कर पाए हैं।

मेघनगर झाबुआ और बरगोदा के कारखाने में नशीला पदार्थ इतनी अधिक मात्रा में मिला है कि विपक्षी कांग्रेस अगर जोरदार आवाज उठाती तो एक ही दिन में राष्ट्रीय स्तर पर हलचल मच जाती। एक दो मंत्री के इस्तीफे भी हो जाते। चूंकि मेफोड्रेन एमडी के मामले हैं, इसलिए राष्ट्रीय एजेंसीयों के अलावा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी सतर्क नजरे रखे हुए हैं। जैसा हम पहले दृश्य प्रस्तुत कर चुके हैं कि कांग्रेस मात्र विपक्षी कहलाने के लिए ही मिला-जुला विरोध प्रदर्शन भी स्पॉन्सर भाजपाई के कहने पर कर रही है। इसके पहले भी हरदा की फटाका फैक्ट्री में आग से हुई जनहानी, बढ़ती गुंडागर्दी, बलात्कार, हत्याएं और प्रदेश का आम आदमी प्रभावित हो रहा है महंगाई और घटिया निर्माण कार्यों से।ऐसे अनेक ज्वलंत मुद्दे प्रदेश की साख और जन मानस से जुड़े मामले हैं। किन्तु, विपक्षी दल कांग्रेस के स्वर नर्म और लचीले बने हुए हैं। प्रदर्शन रील बनाकर सिर्फ दिखावे जैसे किया जा रहे हैं। अंदाज लगाए क्या ऐसी कांग्रेस अपने लिए जन समर्थन जुटाकर कोई चुनाव जीत सकेगी! वरन याद करिए गैस की टंकी पर 50 और पेट्रोल पर 10 रुपए बढ़ाने पर भाजपाइयों का विरोध प्रदर्शन जिसमें स्व सुषमा स्वराज, अरुण जेटली के साथ स्मृति ईरानी जैसे नेताओं की दहाड़ और जंगी प्रदर्शन मनमोहन सरकार की नींव हिला देते थे। यही मुख्य कारण है कि हरियाणा जनमत भाजपा से नाराज था, पर कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर पाया। इनके विरोध में ही दम नहीं दिखेगा तो मतदाता प्रभावित कैसे होगा! इसलिए छोटी सी बात कांग्रेस के प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय नेताओं के समझ में नहीं आ रही हैष्ट्र यही कारण है की बढ़ती महंगाई के बाद भी जनमानस और भाजपा समर्थितों की सरकारें बनवा रहे हैं।

हाल के नशीले पदार्थ के प्रकरण मामले में भी विपक्षी कांग्रेस से मजबूत आवाज में सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ही बोल गए कि तस्कर और पेडलरों पर पुलिस कार्रवाई करें। चूंकि सरकार में मंत्री हैं, इसलिए बयान को प्रमुखता मिली तो पुलिस उपायुक्त को नागवार लगा, पर आयुक्त राकेश गुप्ता ने कहा है कि माफिया चिन्हित कर लिए हैं। अपराध शाखा और स्थानीय पुलिस लगातार दबिश दे रही है। ऐसा राजनीतिक वातावरण स्पष्टदावा कर रहा है कि होने वाले दोनों उपचुनाव में कांग्रेस को कुछ हासिल होता नजर नहीं आ रहा है।

# राज्य स्तरीय नारी सम्मान एवं समाज सेवा पुरस्कार के लिये आवेदन आमंत्रित

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** महिला, बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता एवं साहसिक कार्यों के लिये व्यक्तिगत/संस्थागत श्रेणी में 6 राज्य एवं जिला स्तरीय पुरस्कार दिये जाते हैं। वर्ष 2024 के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट https://mpwcdmis.gov.in/ पर उपलब्ध है। आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास कार्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि के पहले जमा किया जा सकता है।

**रानी अवंतीबाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार**–महिला और बच्चों को उत्पीड़न से बचाने, उनके पुनर्वास में योगदान, बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरितियों को रोकने का साहसिक कार्य करने वाली मध्यप्रदेश की महिला/बालिका को रानी अवंतीबाई वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपये की राशि प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है। इस पुरस्कार के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2024 निर्धारित है। इन पुरस्कारों के नाम की घोषणा फरवरी माह में की जाएगी, 8 मार्च महिला दिवस पर इन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

**राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार**–महिलाओं से संबंधित समाज सुधार (स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता, पर्यावरण स्थिति में सुधार, आर्थिक गतिविधियों के संचालन, अधिकारों के प्रति जागृति, सामाजिक उत्थान) के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रमाणित कार्य करने वाली मध्यप्रदेश की महिलाओं को राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपये की राशि, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है।

**विष्णु कुमार समाज सेवा पुरस्कार**–महिलाओं से संबंधित समाज सुधार (स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता, पर्यावरण स्थिति में सुधार, आर्थिक गतिविधियों के संचालन, अधिकारों के प्रति जागृति, सामाजिक उत्थान) के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रमाणित कार्य किया हो, ऐसे व्यक्ति/संस्था को विष्णु कुमार समाज सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपये की राशि, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है।

**मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार**–ऐसी घटना जिसमें किसी महिला द्वारा आपराधिक या असामाजिक तत्वों के विरूद्ध साहस का प्रदर्शन कर स्वयं का अथवा अन्य किसी महिला की सुरक्षा एवं बचाव के लिये अवर्णनीय साहसिक कार्य किया हो, को मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। आवेदक द्वारा यह साहसिक कार्य एक जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 के बीच किया गया हो। राज्य स्तर पर चयनित किन्ही 2 महिला व 2 पुरूषों को एक लाख रूपये से सम्मानित किया जायेगा। जिला स्तर पर 50 हजार रूपये की राशि, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाता है।

**अरूणा शानबाग साहस पुरस्कार**–यह पुरूस्कार उस घटना के लिये जिसमें किसी महिला द्वारा किसी भी हिंसा में स्वयं या किसी अन्य के बचाव के लिये वीरतापूर्वक कार्य किया गया हो, को अरूणा शानबाग साहस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। आवेदक द्वारा यह कार्यएक जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 के बीच किया गया हो। यह पुरस्कार राज्य स्तर पर चयनित किसी एक महिला को दिया जायेगा, जिसमें एक लाख रूपये की राशि, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

**राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार**–आपराधिक और असामाजिक तत्वों के विरूद्ध साहस का प्रदर्शन करते हुए स्वयं या किसी अन्य महिला का बचाव करने वाली महिला अथवा महिलाओं का बचाव करने वाले पुरूषों को भी सम्मानित किया जाता है। पुरस्कार में एक लाख रूपये की राशि, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

# सांसद के प्रयासों से कृषि उपज मंडी का होगा विस्तार

## होमगार्ड के समीप मिली भूमि, जल्द प्रशासन करेगा प्रक्रिया पूरी

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता के सक्रिय प्रयास से कृषि उपज मंडी में जहां मूंगफली की निलामी की शुरूआत हुई और एक सप्ताह में ही उसके बहुत अच्छे परिणाम सामने है। मंदसौर कृषि उपज मंडी में इतने कम समय में करीब 10 हजार बोरी की आवक शुरू हुई वहीं पिछले दिनों सांसद गुप्ता ने जिला अधिकारियों एवं मंडी सचिव के साथ कृषि उपज मंडी के विस्तार को लेकर नई भूमि का निरिक्षण किया था और कुछ स्थानों को चिन्हित भी किया। परिणाम स्वरूप कृषि उपज मंडी के सामने ही होमगार्ड के समीप 1.84 हेक्टेयर भूमि प्रशासन ने कृषि उपज मंडी को देने का निर्णय कर लिया है। साथ ही इसके लिए कमेटी गठित की गई है जो जल्द ही भूमि का सीमांकन कर मंडी कमेटी को सौंप देगी। यहां पर मंडी समिति फल व अन्य कृषि उपज की नीलामी के लिए उपलब्ध कराएगी। जहां मंदसौर जिले की फल उत्पादकों को ना सिर्फ एक नया और बड़ा बाजार उपलब्ध होगा बल्कि क्षेत्र के व्यापार में भी बढोतरी होगी। इसी के साथ ही रोजगार के नवीन अवसर भी उपलब्ध होंगे। सांसद गुप्ता ने कहा कि आगामी दिनों में लहसुन मंडी के लिए एक अलग से अन्य स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। चूंकि लहसुन क्षेत्र की एक पहचान है और इसकी अतिरिक्त मंडी होने से क्षेत्र में नए व्यापार के माध्यम से इसके नए उत्पाद भी शुरू किए जा सकेंगे। वहीं किसानों को भी अपनी उपज का उचित मूल्य के साथ सुविधा मिलेगी।



## बिना मुंडेर के कुए में मिला लापता युवक का शव

**पिपलियामंडी, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दो दिन से लापता युवक का शव बिना मुण्डेर कुए में मिला। पुलिस ने मामला जांच में लिया। जानकारी के अनुसार बुधवार को प्रात: 9.30 बजे करीब देवरी व मिण्डलाखेड़ा के बीच मानसिंह बावरी के बिना मुण्डेर के कुए में लाश दिखने की सूचना पर पिपलिया पुलिस मौके पहुंची। शव को बाहर निकलवाया। जिसकी शिनाख्त देवरी निवासी जुझारलाल पिता पन्नालाल मेघवाल के रुप में हुई। बताया गया जुझारलाल 14 अक्टूबर को शाम से लापता था। परिजन तलाश कर रहे थे। पुलिस के अनुसार जुझारलाल मकान बनाने का मिस्त्री था, विवाहित होकर उसके एक बेटा है। प्रारंभिक तौर पर डूबने से मौत का कारण सामने आया है।

# महाप्रबंधक को धमकी देने वाले आरोपी को 2 वर्ष का कारावास

**नीमच, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** डॉ. श्रीमती रेखा मरकाम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच के द्वारा महाप्रबंधक, शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना, नीमच को फोन पर धमकी देने वाले आरोपी अशोकसिंह पिता समंदरसिंह राजपुरोहित, उम्र-31 वर्ष, निवासी-ग्राम खारिया खगार, थाना बिलोदा, जिला जोधपुर (राजस्थान) को धारा 384 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 02 वर्ष के कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड, धारा 506 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06 माह के कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड तथा धारा 507 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06 माह का कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री राजेन्द्र नायक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि श्री व्ही. एस. मीणा, महाप्रबंधक, शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना, नीमच द्वारा पुलिस अधीक्षक नीमच को पत्र लेख कर बताया गया कि 17.10.2015 को एक मोबाईल नंबर से अफीम फैक्ट्री की कार्य शाखा पर फोन आया, जिसको फैक्ट्री में पदस्थ सुरेंद्र सोनगरा द्वारा रिसीव किया गया। फोन लगाने वाले ने स्वयं का नाम आयुष जेटली बताया तथा कहा कि वह वित्त मंत्री, भारत सरकार श्री अरूण जेटली का भतीजा हैं। फोन लगाने वाले व्यक्ति ने कहां की वह सचिवालय, नई दिल्ली से फोन कर रहा हैं तथा उसने भर्ती होने वाले केंडिडेट के संबंध में जानकारी चाही तो उन्होंने क्रय शाखा प्रभारी एन. एम. रूद्रेश से बात करवाई फिर फोन लगाने वाले व्यक्ति से यह पूछे जाने पर कि आपके केंडिडेट ने फार्म भरा हैं या नहीं तो इस पर फोन लगाने वाले व्यक्ति ने यह कहते हुए कि वह महाप्रबंधक से बात कर लेगा फिर फोन रख दिया। दिनांक 19.10.2015 को पुन: उसी व्यक्ति ने अफीम फैक्ट्री में फोन कर भर्ती की जानकारी के संबंध में महाप्रबंधक से बात करवाने के लिए कहां तो स्टॉफ ने फोन पर बताया कि भर्ती के संबंध में कोई भी अधिकारी किसी से कोई बात नहीं करेगा ऐसा निर्देशित किया गया हैं तो फोन लगाने वाले व्यक्ति भडक गया और धमकी देते हुए कहां कि वह सबको देख लेगा, महाप्रबंधक का न केवल तबादला करवायेगा बल्की भारत में कही रहने नहीं देगा, उसने कहां कि वह वित्त मंत्री का भतीजा हैं कुछ भी कर सकता हैं और उससे बात नहीं करना महाप्रबंधक को बहुत महंगा पडेगा। घटना वित्त मंत्री, भारत सरकार के नाम का दुरूपयोग कर उनके नाम की छवि को नुकसान पहुंचाने एवं भर्ती प्रक्रिया में दखल देकर अनावश्यक दबाव बनाने का होने के कारण त्वरित कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई। विवेचना के दौरान सायबर सेल की सहायता से आरोपी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुए एवं घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री राजेन्द्र नायक, एडीपीओ द्वारा की गई।

## मां-बेटे पर मारपीट का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पत्रकार के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने मां-बेटे पर केस दर्ज किया। बूढ़ा निवासी पत्रकार भागीरथ पिता श्रीकिशन पोरवाल ने बूढ़ा चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं मोबाइल चला रहा था। इसी दौरान मांगीलाल जैन व उसकी मां मुन्नीबाई आए और बोले कि हमारे प्लाट का फोटो क्यों खिंच रहे हो और गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर फेंके, जिससे आंख पर चोंट आई। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने सात सेम्पल किए जप्त

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निदेशार्नुसार आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 16 अक्टूबर बुधवार को कार्यवाही के दौरान तीन संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते गुलाब जामुन, रसगुल्ला, सोन पपडी, बेसन लड्डू, सेंव भुजिया के नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 16 अक्टूबर बुधवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर के परम्परा सेल्स एजेन्सी से उत्तम रस गुल्ला, आकाश का गुलाब जामुन, उत्तम सोन पपडी वर्धमान सेल्स एजेन्सी से मधुर सोन पपडी, बेसन का लड्डू और राष्ट्रीय सेल्स एजेन्सी से गुलाब जामुन और सेंव भुजिया के नमुने लिये गये हैं।

सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान सभी संस्थानो को अपने यहां साफ सफाई रखने एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

# 4 हजार रुपये दो और भारत में घुसपैठ करो बांग्लादेश बॉर्डर पर चल रहा है गजब का खेल

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर।** बांग्लादेश से अगर किसी घुसपैठिए को भारत में घुसपैठ करनी है तो इसकी कीमत मात्र 4 हजार रुपये है। जी हां, चार हजार रुपये में हमारे बॉर्डर की सुरक्षा को धत्ता बताते हुए बांग्लादेश से बॉर्डर पार करा भारत में घुसपैठ कराई जा रही है। इसी कोशिश में पश्चिम बंगाल में बीएसएफ ने चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इनके साथ एक भारतीय एजेंट को भी दबोचा गया है। जो भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। भारत में फेस्टिव सीजन शुरू होने पर बॉर्डर पर इस तरह से घुसपैठ करने के मामले को गंभीर माना जा रहा है। चारों के पास भारत के नकली आधार कार्ड भी थे। जो की बांग्लादेश में ही प्रति एक हजार बांग्लादेशी टका देकर बनवाए गए थे।

सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए चार बांग्लादेशी नागरिकों में मोहम्मद बच्चु (22), मोनिरूल अली (27), मोहम्मद अनारूल इस्लाम (30) और मोहम्मद युसूफ अली (26) हैं। चारों बांग्लादेश के रहने वाले हैं। जबकि इन चारों को प्रति चार हजार रुपये लेकर बांग्लादेश से बॉर्डर पार कराकर भारत में अवैध रूप से घुसपैठ करा रहे आरोपी हसन अली (30) को भी पकड़ा गया है। यह भारत का नागरिक है। इन सभी को 15 अक्टूबर की दोपहर बाद बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 73वीं बटालियन की सीमा चौकी बामनाबाद के जवानों ने पकड़ा।

**बांग्लादेशियों के पास भारतीय आधार कार्ड मिले**–आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि यह सभी बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल में घुसपैठ करके चेन्नै जाने की फिराक में थे। इन्हें पकड़ने के लिए बीएसएफ को क्यूआरटी का भी इस्तेमाल करना पड़ा। चारों बांग्लादेशियों के पास भारतीय आधार कार्ड मिले। पूछताछ करने पर इन्होंने बताया कि यह सब नकली हैं। जिन्हें प्रति एक हजार बांग्लादेशी टका लेकर बांग्लादेश के राजशाही के उपजिला गोदागरी में बांग्लादेशी दलाल ने बनवाकर दिए थे। केवल आधार कार्ड ही नहीं भारत के नकली वोटर कार्ड भी यहां बन जाते हैं। चारों बांग्लादेशियों ने बताया कि वह बांग्लादेश के गोदागरी के रहने वाले हैं। फिलहाल इनकी असलियत जानने के लिए विदेश मंत्रालय की मदद ली जाएगी कि यह बांग्लादेशी हैं या अन्य किसी देश के।

**नकली आधार कार्ड के जरिए घुसपैठ**–आरोपी विदेशी नागरिकों ने यह भी बताया कि वह तो पकड़े गए, लेकिन उनसे पहले कितने ही बांग्लादेशियों ने इसी चैनल से भारत में घुसपैठ की है। वह सब चेन्नै, बैंगलुरू, दिल्ली और मुंबई समेत अन्य शहरों में भी घुलमिल चुके हैं। सभी के पास बांग्लादेश से नकली आधार कार्ड बनवाकर दिए गए। ताकि अगर भारत में कोई उनके आधार कार्ड देखे तो एकदम से उनके भारतीय होने पर यकीन कर ले। सूत्रों का कहना है कि इन चारों को पकड़कर संबंधित पुलिस को आगे की जांच के लिए सौंप दिया है। बाकी पता लगाया जा रहा है कि यह सब भारत में मजदूरी करने के लिए घुसपैठ कर रहे हैं या फिर इनका कोई और इरादा है?

## राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में प्रदेश अव्वल

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में अव्वल है। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य बना हुआ है। इन योजनाओं में एक योजना राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम भी है। प्रदेश में कार्यक्रम अंतर्गत एफ.एम.डी टीकाकरण के चार चरण पूर्ण हो गए हैं। चतुर्थ चरण में प्रदेश में 2 करोड़ 40 लाख 47 हजार गौ एवं भैंस वंशी पशुओं का टीकाकरण कर भारत पशुधन एप पर दर्ज किया गया है। यह संपूर्ण देश में सर्वाधिक है। इस योजना में एफ.एम.डी एवं ब्रूसेल्ला का टीकाकरण समस्त पात्र गौ, भैंस वंशीय पशुओं मैं किया जाता है। यह कार्यक्रम केन्द्र सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो 100 प्रतिशत केन्द्रांश आधारित है।

## केबल चोरी करते पकड़ा

**पिपलियामंडी, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कुए से केबल चोरी करते आरोपी को किसानों ने पकड लिया, जिसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। गांव रुपी में रात्रि 9.30 बजे करीब जगदीश पिता छोगा भील को बेटीखेडी रास्ते पर कुए की 35 फिट केबल चोरी करते हुए रंगे हाथों किसानों ने पकड लिया। जिसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। शिवलाल पिता गोपाल धनगर की रिपोर्ट पर नाहरगढ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## जिला प्रेस क्लब की

... पेज 1 से जारी

का अच्छा सहयोग मिला। धर्माचार्य गण, प्रमुख जन प्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित कर प्रेस से मिलिए कार्यक्रम, दीपावली और होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। विश्व संवाद केंद्र के साथ प्रतिवर्ष सृष्टि के प्रथम पत्रकार देवर्षि नारद जयंती मनाई।कोरोना काल में सभी पत्रकारों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं दोनों डोज के टीकाकरण के विशेष शिविर लगवाए। जिला प्रेस क्लब में नई परंपरा के रूप में बसंत पंचमी के पावन पवित्र दिवस पर विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजन का भी आयोजन आरंभ किया गया। श्री जोशी ने नवमनोनित तीनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए जिला प्रेस क्लब की गरिमामय प्रतिष्ठित परंपराओं को निरंतरता देने की अपेक्षा करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने नई कार्यकारिणी को पूर्ण सहयोग का वचन दिया। संरक्षक श्री संजय पोरवाल ने श्री जोशी के कार्यकाल की सराहना करते हुए नए पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। संरक्षक नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि नई कार्यकारिणी के माध्यम से जिला प्रेस क्लब की गतिविधियों को और विस्तारित किया जाएगा।

# सीएम हेल्पलाइन में 3.39 लाख शिकायतें लंबित, शिकायतकर्ताओं से करेंगे बात मुख्यमंत्री

**भोपाल, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायतों के निराकरण को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं हैं। विभागों एवं जिलों की सौ दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतें तीन लाख 39 हजार 727 हो गई हैं।

अब मुख्यमंत्री 28 अक्टूबर को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में शिकायतकर्ताओं से बात कर शिकायतों का निराकरण करेंगे। लोक सेवा प्रबंधन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने सभी विभाग प्रमुखों एवं जिला कलेक्टरों को इस संबंध में पत्र जारी किया है। सबसे अधिक शिकायत महिला एवं बाल विकास विभाग की है। विभाग के अंतर्गत पीएम मातृ वंदना योजना की 64 हजार 600, स्वास्थ्य विभाग की जननी सुरक्षा, श्रमिक प्रसूति सहायता योजना में राशि प्राप्त न होने की 60 हजार 406 शिकायतें हैं।

**इन विभागों की शिकायतें भी लंबित**–पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में पीएम ग्रामीण आवास योजना में राशि प्रदाय न करने की 15 हजार 870 शिकायतें। गृह विभाग में विवेचना में विलंब व लापरवाही करना, समय से प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत नहीं करना, किसी पक्ष से मिलकर दबाव में सही कार्रवाई न करने की 13 हजार 345 शिकायतें। श्रम विभाग में असंगठित शहरी, ग्रामीण कर्मकार मंडल की संबल योजना में लाभ न मिलने की 12 हजार 626 शिकायतें। राजस्व विभाग की नामांतरण एवं बंटवारा संबंधी मामले निराकृत न होने संबंधी 12 हजार 43 शिकायतें। ऊर्जा विभाग में बिजली न आने, वोल्टेज की समस्या से संबंधित 10 हजार 976 शिकायतें। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति न प्राप्त होने, छात्रावासों में आवास, भोजन, सफाई आदि की सुविधा न होने, प्रवेश न मिलने, अतिक्रमण संबंधी आठ हजार 471 शिकायतें। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में पोस्ट मैट्रिक, प्रावीण्य, विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति न मिलने संबंधी सात हजार 175 शिकायतें।


## * संयुक्त उठावना *

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता हैं कि स्व. बाबूलालजी सोनी वकील सा. कीं धर्मपत्नी, सुदर्शन, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर के शहर मंडलम अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी (एडवोकेट) कीं माताजी, प्रतिक कीं दादीजी, अशोक, विजय, दिपक सोनी (ताल वाले) कीं बड़ी मम्मी व स्व. बद्रीलालजी, जगदीशचंद्र, मदनलाल, सोहनलाल, महेन्द्र कुमार सोनी (खाचरौद वाला) कीं बड़ी बहिन श्रीमती कमलाबाई सोनी का स्वर्गवास दिनांक 16/10/24 को हो गया है, जिनका सयुक्त उठावना दिनांक 17/10/2024 गुरुवार प्रात : 11:00 बजे स्थान :- जाम्बुवाला स्थानक शहर किलारोड मन्दसौर पर रखा गया है।



*** शोकाकुल ***
सोनी परिवार मन्दसौर

## * उठावना *

हमारे पूज्य पिताजी एवम स्व.श्री छप्पन लाल जी शर्मा के जेष्ठ पुत्र स्व रमेश चंद्र, स्व कैलाश चंद्र, स्व डॉ ओ.पी. शर्मा, श्री नाथ एवं डॉ महेश चंद्र शर्मा (मंदसौर) के जेष्ठभ्राता एवं परमात्मा शरण व्यास के ससुरजी श्री नंदकिशोर जी शर्मा का दिव्य धाम गमन दिनांक 15 अक्टूबर को हो गया है, उनका उठावना दिनांक 17 अक्टूबर को शाम 4 बजे गीताभवन, इंदौर पर रखा गया है।

*** शोकाकुल ***
अविनाश, अखिलेश, अरविंद, अक्षय शर्मा, श्रीमती सविता व्यास


# नपा का सम्पूर्ण अमला प्रतिदिन सुबह स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण करें-चंद्रा

**नीमच, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** न.पा.नीमच के सीएमओ, इंजीनीयर्स, स्वच्छता अमला, राजस्व निरीक्षक आदि सभी प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक सम्पूर्ण शहर का भ्रमण कर स्वच्छता कार्य सुनिश्चित करवाएं। सभी अधिकारी कर्मचारियों की तत्काल प्रभाव से नामवार, क्षेत्रवार ड्यूटी लगाये और वे नियमित रूप से स्वच्छता कार्यो का भ्रमण एवं अवलोकन करें। स्वच्छता सर्वेक्षण में नीमच शहर की रैंक 10 से कम रहे। ऐसा सभी गंभीरता से प्रयास करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में न.पा.नीमच के अधिकारियों शाखा प्रभारियों की बैठक में निर्माण कार्यो, राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाईन का निराकरण एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री चंद्र सिह धार्वे, सीएमओ श्री महेन्द्र वशिष्ठ सहित नीमच न.पा. के उपयंत्री एवं सहायक यंत्री विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में निर्देश दिए कि न.पा.के संबंधित सभी शिकायतों का एक सप्ताह में संतुष्टी के साथ निराकरण सुनिश्चित करे और जिन शिकायतों पर न.पा. ने कार्यवाही कर दी है, उन शिकायतों को संबंधितों से चर्चा कर बंद करवाएं। कलेक्टर ने सम्पूर्ण न.पा.अमले को शहर की स्वच्छता रैंक बढ़ाने के विशेष प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा, कि सभी उपयंत्री, इंजीनियर्स, स्वच्छवता मित्र या दरोगा व सम्पूर्ण टीम प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वच्छता कार्य सुनिश्चित करवाएं। स्वच्छता के कार्यो में कोई लापरवाही नहीं करें। कलेक्टर ने न.पा. के अधिकारियों की नामजद, क्षेत्रवार ड्यूटी लगाने के निर्देश भी शहरी विकास परियोजना अधिकारी को दिए।


## *** नाम परिवर्तन ***

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुस्तकीम पिता मोहम्मद शफीक ने अपना नाम परिवर्तन कर मुस्तकीम मंसूरी कर लिया है। अत: आईन्दा आगे से मुझे अपने नए नाम मुस्तकीम मंसूरी के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता-मकान नं. 77/1, वार्ड नं. 25, मस्जिद के पास, मुजावरों की घाटी, मंदसौर

## * पुजारी चाहिए *

श्री हरिहर धाम

वेदांत विहार, लक्ष्मी नगर, अभिनंदन रोड, मंदसौर

मंदिर में विराजित दिव्य प्रतिमाओं के पूजन और आरती के लिए पुजारी की आवश्यकता है।

** संपर्क करें **

मो. 9424033322, 9425105927


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in